पूर्णतया संशोधित संस्करण

# पराग

४

## हिंदी की अभ्यास पुस्तिका


**मनीषा शर्मा**
एम॰ए॰ (हिंदी), बी॰एड॰, पीएच॰डी॰
अध्यापिका
दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा



सृजन

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | नव वर्ष | 3 |
| 2. | काकी | 6 |
| 3. | शुचिता और सादगी | 9 |
| 4. | परिश्रम | 12 |
| 5. | स्मृतियाँ (श्रुतलेख के लिए) | 15 |
| | **रचनात्मक अभिव्यक्ति - 1** | ...16 |
| 6. | मुसकराकर चल मुसाफ़िर | 19 |
| 7. | अमर मृत्यु | 21 |
| 8. | विक्रमादित्य की उपाधि | 24 |
| 9. | मुक्ति मार्ग | 27 |
| 10. | मातृ-मंदिर (श्रुतलेख के लिए) | 30 |
| | **रचनात्मक अभिव्यक्ति - 2** | ...31 |
| 11. | उपहार | 34 |
| 12. | बकरी दो गाँव खा गई | 37 |
| 13. | सूरदास के पद | 40 |
| 14. | शरत् बाबू | 42 |
| 15. | बिरसा मुंडा (श्रुतलेख के लिए) | 45 |
| | **रचनात्मक अभिव्यक्ति - 3** | ...46 |
| 16. | बढ़ते चरण | 50 |
| 17. | जलियाँवाला बाग | 53 |
| 18. | साइकिल की सवारी | 55 |
| 19. | मेक इन इंडिया | 58 |
| 20. | सारे जहाँ से अच्छा | 59 |
| | **रचनात्मक अभिव्यक्ति - 4** | ...61 |

# 1

# नव वर्ष

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. पहली पंक्ति में कवि किसका स्वागत कर रहा है और क्यों?

2. कवि ने महाक्रांति की ज्वालाओं के गान क्यों माँगे हैं?

3. कवि ने कृषकों की कैसी दशा का वर्णन किया है तथा उनके लिए क्या माँगा है?

4. 'मद का चिर अवसान' से कवि का क्या तात्पर्य है?

5. जीवन में नूतन क्रांति किस प्रकार आएगी?

*(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. स्वागत जीवन ____________
   इस ____________
   ____________ कल्याण लिए
   ____________ स्वर्ण विहान लिए
2. युग-युग ____________
   ____________ नव त्राण लिए
   श्रमिकों को ____________
   ____________ स्वर्ण-विहान लिए।

**(ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।**

| | |
|---|---|
| 1. त्राण | किसान |
| 2. विहान | समाप्ति |
| 3. क्षितिज | नया सवेरा |
| 4. अवसान | दृष्टिसीमा |
| 5. कृषक | कल्याण |

**(घ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखो।**

1. वह स्थान जहाँ तक मनुष्य की दृष्टि देख सके ____________
2. जहाँ सूनापन हो ____________
3. जो हमेशा से है ____________
4. जो बिलकुल अकेला हो ____________

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखो।**

1. स्वागत = ________ + ________  2. बलिदान = ________ + ________

3. अभिमान = ________ + ________  4. अपलक = ________ + ________

**(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. नवल ____________________

2. अरमान ____________________

3. कंकाल ____________________

4. संगठन ____________________

5. अवसान ____________________

(छ) कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखो।

(ज) नव वर्ष पर हर व्यक्ति कुछ नई योजनाएँ बनाता है। पुरानी बुरी आदतों को छोड़ने का प्रण लेता है। आने वाले नव वर्ष के लिए तुम्हारे क्या संकल्प होंगे और तुम उन्हें कैसे पूरा करोगे? लिखो।

2

# काकी

## *(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. काकी के बारे में शामू से क्या झूठ बोला गया?

2. काकी का सच क्या था और शामू को यह सच किससे पता चला?

3. शामू क्या देखकर एकदम खिल उठा?

4. शामू ने भोला को पैसे देते हुए क्या कहा?

5. भोला ने बिसेसर के सामने किस सच को उजागर किया?

## *(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

कठिनता   कोहराम   कोट   लड़का   समझदार   शोक

1. उसने देखा कि घर में ____________ मचा हुआ है।
2. लोग बड़ी ____________ से शामू को हटा पाए।
3. वैसे ही शामू के मन में ____________ बस गया था।
4. खूँटी पर बिसेसर का ____________ टँगा हुआ था।
5. भोला सुखिया दासी का ____________ था।
6. भोला शामू से अधिक ____________ था।

*(ग) निम्नलिखित घटनाओं को कहानी के आधार पर सही क्रम दो।*

1. शामू ने जेब से एक चवन्नी निकाली और भागकर भोला के पास गया। ☐
2. काकी को ले जाते समय शामू ने बड़ा ऊधम मचाया। ☐
3. बिसेसर ने शामू को दो तमाचे जड़कर कहा, "चोरी सीखकर जेल जाएगा?" ☐
4. शामू बिसेसर के पास जाकर बोला, "काका मुझे पतंग मँगा दो।" ☐
5. शामू को चिंता के मारे बड़ी रात तक नींद नहीं आई। ☐
6. उस दिन शामू की नींद बड़े सवेरे खुल गई। ☐
7. पर परेशानी यह थी कि मोटी रस्सी मँगवाएँ कैसे? ☐
8. शामू और भोला पतंग में रस्सी बाँध रहे थे। ☐

*(घ) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।*

1. कोहराम ____________________
2. संस्कार ____________________
3. रस्सियाँ ____________________
4. परेशानी ____________________

*(ङ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो।*

1. बाधा ____________ ____________
2. आकाश ____________ ____________
3. सवेरा ____________ ____________
4. दासी ____________ ____________

*(च) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो।*

1. काकी को ले जाते समय शामू ने बड़ी उधम मचाई।

____________________________________________

2. फिर उसका रुदन शांत हो गई।

____________________________________________

3. शामू ने पहले दिन का तरकीब दूसरे दिन भी अपनाया।

____________________________________________

4. उसने बात तो बड़ा अच्छा सोचा।

5. उसका काकी ज़मीन पर सो रही है।

6. यह सच बहुत समय पर छिपा न रह सका।

*(छ) यदि तुम्हें अपने किसी पूर्वज (जो अब इस दुनिया में नहीं हैं) से मिलने का मौका मिले तो तुम उनसे क्या-क्या बातें करोगे? संवाद के रूप में यहाँ लिखो।*

# 3 शुचिता और सादगी

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. पवित्रता कितने प्रकार की होती है? नाम लिखो।

2. शरीर के बाहर की स्वच्छता और पवित्रता कैसे रखी जा सकती है?

3. अच्छी पुस्तकें पढ़ने से क्या लाभ होता है?

4. अब्राहम लिंकन का उदाहरण देकर लेखक क्या समझाना चाहते हैं?

5. महात्मा गांधी का रहन-सहन और पहनावा कैसा था?

6. सादगी कितने प्रकार की हो सकती है?

*(ख) निम्नलिखित पंक्तियों के आशय स्पष्ट करो।*

1. सादगी-रूपी दर्पण में शरीर के अंदर का सब दिखाई पड़ जाता है।

2. महानता का अच्छी पोशाक या ठाट-बाट से कोई लेना-देना नहीं है।

___

___

___

___

*(ग) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. महात्मा गांधी आज के युग ________।
2. मनुष्य को चाहिए कि वह सादगी ________।
3. अब्राहम लिंकन ________।
4. सत्संग मन की ________।
5. गांधी जी चुपचाप उसके ________।
6. सैनिक ड्यूटी पर था ________।

*(घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।*

| | |
|---|---|
| 1. साधारण ________ | 2. सफ़ाई ________ |
| 3. दुखी ________ | 4. पवित्र ________ |
| 5. अच्छी ________ | 6. आदर ________ |
| 7. शांति ________ | 8. प्रेम ________ |

*(ङ) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करो और समास-भेद लिखो।*

| | समास-विग्रह | समास-भेद |
|---|---|---|
| 1. दशरथपुत्र | दशरथ के पुत्र | तत्पुरुष समास |
| 2. सत्याग्रह | | |
| 3. पाठशाला | | |
| 4. रसोईघर | | |
| 5. जन्मांध | | |
| 6. राष्ट्रपति | | |
| 7. ध्यानमग्न | | |

*(च) निम्नलिखित शब्दों का इस प्रकार वाक्यों में प्रयोग करो कि उनका अर्थ-भेद स्पष्ट हो जाए।*

1. बहुमूल्य ____________________

   अमूल्य ____________________

2. अवस्था ____________________

   आयु ____________________

3. अस्त्र ____________________

   शस्त्र ____________________

4. अपराध ____________________

   पाप ____________________

*(छ) 'शुचिता और सादगी जीवन को ऊँचा उठाती है।' – इस विषय पर सौ शब्दों का अनुच्छेद लिखो।*

____________________

# 4 परिश्रम

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. परिश्रमरूपी लाठी का सहारा लेना क्यों आवश्यक है?

2. किस बात से पता चलता है कि सोमनाथ में पढ़ने की लगन थी?

3. प्रधानाचार्य के दिए कामों के अलावा बालक और क्या काम करता था और क्यों?

4. इसी जीवन और इसी धरती पर स्वर्ग प्राप्त करने के लिए क्या करना होगा?

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित कथनों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखो।*

1. जीवन में परिश्रम के बिना भी सफलता मिलती है। ______
2. उसकी उन्नति देखकर अन्य विद्यार्थी उससे ईर्ष्या करने लगे। ______
3. गुरु जी ने यह मामला न्यायालय में भेज दिया। ______
4. प्रधानाचार्य ने उसे छोटे बच्चों को पढ़ाने का काम सौंप दिया। ______
5. सोमनाथ अपना शुल्क सबसे पहले दे देता था। ______
6. दूसरा गवाह एक युवक था। ______

*(ग) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो।*

1. विद्यार्थी ____________ 2. परिश्रम ____________
3. इच्छा ____________ 4. लाठी ____________
5. शुल्क ____________ 6. बूढ़ा ____________

*(घ) निम्नलिखित विशेषण शब्दों के आगे प्रविशेषण लगाकर वाक्य बनाओ।*

1. मोटा **मोहन अपने बड़े भाई से भी <u>अधिक</u> मोटा है।**
2. निर्धन ____________
3. आदर्श ____________
4. तीव्र ____________
5. मेहनती ____________

*(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखो।।*

1. प्रधानाचार्य ने कहा मैं कैसे जानूँ कि तुम मेरी इच्छानुसार काम करोगे

____________

2. सोमनाथ ने कहा मैं निर्दोष हूँ मैंने कभी चोरी नहीं की

____________

3. बच्चो समय भाग रहा है तैयार हो जाओ सावधान हो जाओ डट जाओ कमर कस लो वक्त की ज़बरदस्त पुकार है

____________

____________

4. उनमें से एक बोला मुझे तो सोमनाथ पर संदेह है

____________

5. जानते हो वह बालक कौन था वह था गारफ़ील्ड

____________

*(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. ईर्ष्या ____________

____________

2. एकांत

3. निर्दोष

4. दृढ़निश्चय

*(छ) पाठ में दिए गए सोमनाथ के उदाहरण को पढ़ो तथा उस पर आधारित पाँच प्रश्न बनाओ।*

*(ज) 'करत-करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान।' – दोहे की इस पंक्ति का भाव अपने शब्दों में लिखो और यह भी बताओ क यह दोहा किसने लिखा है।*

# 5 स्मृतियाँ

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'स्मृतियाँ' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

# रचनात्मक अभिव्यक्ति–1

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

अर्जुन के विद्यार्थी काल की घटना है। एक रात भोजन करते समय हवा से दीया बुझ गया। अर्जुन तथा उसके भाई खाना खा रहे थे। एकाएक अर्जुन के मन में विचार कौंधा कि आदत होने के कारण अँधेरे में भी हाथ सीधा मुँह की ओर ही जाता है अर्थात अभ्यास से कुछ भी संभव हो सकता है। उस दिन से अर्जुन ने अँधेरे में भी निशाना लगाने का अभ्यास शुरू कर दिया। उनके गुरु द्रोणाचार्य बहुत प्रसन्न हुए और अर्जुन को संसार का श्रेष्ठतम धनुर्धर बनने का आशीर्वाद दिया।

एक बार द्रोणाचार्य की आज्ञा से सब कुमारगण जंगल में शिकार खेलने गए। उनके साथ एक कुत्ता भी था। जंगल में वह कुत्ता भटक गया और जब वापस लौटा तब उसका मुँह बाणों से कुछ इस चतुराई से भेदा गया था कि वह भौंक नहीं पा रहा था। उस निपुण वीर को ढूँढ़ते हुए, जिसने कुत्ते की यह दशा की थी, अर्जुन श्यामल-वर्ण के एक नवयुवक के पास जा पहुँचा। उसने पूछा, "आप कौन हैं और आपको ऐसी श्रेष्ठ धनुर्विद्या किसने सिखाई है?"

1. अर्जुन के मन में क्या विचार कौंधा और क्यों?

2. द्रोणाचार्य किस बात से प्रसन्न हुए और उन्होंने क्या किया?

3. जंगल में क्या आश्चर्यजनक घटना घटी थी?

4. अर्जुन ने नवयुवक से क्या प्रश्न पूछा?

5. 'वीर' और 'पुत्र' शब्दों का लिंग बदलकर लिखो।

6. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

**(ख) *निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।***

मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोए थे,
सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रुपयों की फलदार मधुर फ़सलें खनकेंगी,
और फूल-फलकर, मैं मोटा सेठ बनूँगा!

पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा,
बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला,
सपने जाने कहाँ मिटे, सब धूल हो गए,
मैं हताश हो बाट जोहता रहा दिनों तक,
बाल कल्पना के अपलक पाँवड़े बिछाकर,
मैं अबोध था, मैंने गलत बीज बोए थे,
ममता को रोपा था, तृष्णा को सींचा था।

1. पैसे बोने का विचार कवि के मन में कब और क्यों आया?

2. कवि के सपने धूल क्यों हो गए?

3. इस घटना से कवि ने क्या सीखा?

4. 'सपने', 'फ़सलें' और 'पैसे' के एकवचन रूप लिखो।

5. 'मैं मोटा सेठ बनूँगा।' – इस वाक्य को वर्तमान काल और भूतकाल में बदलकर लिखो।

6. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

(ग) 'मेरी आगरा वाली बुआ' – इस विषय पर बुआ जी का रेखाचित्र अनुमान के आधार पर लिखो।

(घ) नीचे दिए गए चित्र का वर्णन करते हुए एक अनुच्छेद लिखो।



# 6 मुसकराकर चल मुसाफ़िर

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने वाले व्यक्ति को कैसा होना चाहिए?

2. कवि के अनुसार पथिक को आँधियों के अतिरिक्त और किससे लड़ना पड़ेगा?

3. कवि ने पथिक के लिए क्या अच्छा बताया है और क्यों?

4. कवि के अनुसार किसके पद-चिह्न भूले हुओं को रास्ता बताते हैं?

5. 'वह मुसाफ़िर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दें?'—इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

*(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट करो।*

किंतु जो कुछ मुश्किलें ही देख पीछे लौट पड़ते,
ज़िंदगी उनकी उन्हें भी भार ही केवल मुसाफ़िर।

*(ग) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो।*

1. पथ ____________ 2. शूल ____________

3. पंथी ____________ 4. मनुज ____________

*(घ) निम्नलिखित सर्वनाम रूपों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. तुझे

2. स्वयं

3. वे

4. अपना

*(ङ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. मंज़िल

2. प्रलय

3. सफल

4. मूक

*(च) चार पंक्तियों की एक कविता लिखो जिसमें जीवन के लिए कोई संदेश छिपा हो।*

# 7

# अमर मृत्यु

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. मेरी बचपन में कैसे स्वभाव की थी?

2. मेरी के पिता जी ने उसे क्या पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया तथा क्यों?

3. मेरी तथा ब्रोन्या ने एक-दूसरे की मदद कैसे की?

4. मेरी क्यूरी द्वारा खोजे गए रेडियम का क्या महत्व है?

5. मेरी की मृत्यु को अमर मृत्यु क्यों कहा है?

*(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

चट्टान प्रतिभा अमर विज्ञान चरण

1. मेरी के पिता जी ने उसकी ______ को पहचान लिया।
2. समय के साथ मेरी की ______ में रुचि बढ़ती ही गई।
3. कई टन वज़न की ______ से रत्ती भर रेडियम प्राप्त हुआ।
4. यह मेरी की प्रसिद्धि का पहला ______ था।
5. मेरी की खोजों ने उनकी मृत्यु को भी ______ बना दिया।

### (ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के कारक-भेद बताओ।

1. शैली और मधु को सुनाते-सुनाते दादा जी की कहानियाँ खत्म हो गईं। ________
2. दोनों बहनों ने एक-दूसरे की मदद करने का निश्चय किया। ________
3. आज की कहानी तुम दोनों को कैसी लगी? ________
4. ईश्वर ने उन्हें दो सुंदर बेटियाँ भी दीं। ________
5. संसार ने एक जीवनदायिनी शक्ति को खो दिया। ________
6. बुद्धिमत्ता तथा विज्ञान से प्रेम उन्हें विरासत में मिला था। ________

### (घ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के विलोम शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।

1. ________ कोई कहानी सुनने के लिए वे राजी नहीं थीं। (नई)
2. उसके माता-पिता ने ________ से उसका नाम मेरी रखा। (क्रोध)
3. उसके पिता जी ने उसे विज्ञान पढ़ने के लिए ________ किया। (हतोत्साहित)
4. यह मेरी की प्रसिद्धि का ________ चरण था। (आखिरी)
5. रेडियम द्वारा आज कैंसर का ________ उपचार होता है। (असफल)

### (ङ) रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताओ।

1. मेरी अपनी बहन के साथ खूब खेलती थी तथा खूब पढ़ती भी थी। ________
2. परंतु उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण पढ़ाई में रुकावटें आने लगीं। ________
3. मेरी की भेंट पियरे नामक व्यक्ति से हुई। ________
4. उन्होंने देखा कि रात के अंधकार में भी रेडियम से चमकदार किरणें निकलती हैं। ________
5. शैली और मधु भी भावुक हो उठीं। ________

### (च) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखो और उनका भेद बताओ।

| | विशेषण | भेद |
|---|---|---|
| 1. मेरी दूसरे बच्चों की अपेक्षा खोजी और गंभीर स्वभाव की थी। | ________ | ________ |
| 2. दोनों बहनें पढ़ाई में तेज़ थीं। | ________ | ________ |
| 3. पाँच वर्षों तक मेरी ने ट्यूशन पढ़ाया। | ________ | ________ |

4. रेडियम से चमकदार किरणें निकलती हैं। __________ __________

5. दोनों बच्चियाँ प्रखर बुद्धि की थीं। __________ __________

(छ) *निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. प्रोत्साहन
2. ट्यूशन
3. तन्मयतापूर्वक
4. अनुसंधान
5. अनवरत

(ज) *'विज्ञान वरदान या अभिशाप' – इस विषय पर निबंध लिखो।*

# 8 विक्रमादित्य की उपाधि

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. युद्ध किस नदी के किनारे हो रहा था?

2. सुंदरलाल के हृदय में कैसी व्याकुलता थी?

3. किसकी मृत्यु के बाद उज्जैन पर विद्रोहियों का अधिकार स्थापित हो गया?

4. सम्राट स्कंदगुप्त ने सेनापति सुंदरलाल को कहाँ की ज़िम्मेदारी सौंपी?

5. सुंदरलाल के लिए तोरामन मन-ही-मन क्या सोचने लगा?

6. सम्राट के कानों में सुंदरलाल की कौन-सी पुरानी बात गूँज उठी?

*(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो।*

कठिन भयावह विशाल सूने भयंकर करुण जंगली

1. वह दूसरे ही दिन ________ सेना लेकर निकल पड़े।
2. उनके मन में एक ________ प्रश्न जाग उठा।
3. उन ________ हूणों के कारण चारों ओर कोहराम मचा था।

4. दोनों सेनाओं में ______ युद्ध हुआ।
5. उनकी चीख-पुकार से सारा वातावरण ______ हो गया था।
6. ऐसी ______ ध्वनि उठ रही थी कि उसे सुनकर ______ आकाश की छाती दहल जाती थी।

***(ग) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करो तथा उसी उपसर्ग से बने दो-दो अन्य शब्द लिखो।***

1. सजगता ______ + ______ ______ ______
2. आहत ______ + ______ ______ ______
3. संपूर्ण ______ + ______ ______ ______
4. विजय ______ + ______ ______ ______
5. सुअवसर ______ + ______ ______ ______
6. उत्पात ______ + ______ ______ ______

***(घ) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।***

1. स्कंदगुप्त ______
2. उज्जयिनी ______
3. विसर्जित ______
4. सिंहासन ______
5. व्याकुलता ______
6. उद्देश्य ______
7. विद्रोह ______

***(ङ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग करो।***

1. बर्बर = ______
______
______

2. शोकाकुल = ______
______
______

3. पताका =

4. प्रबल =

5. गुणगान =

6. पश्चात =

*(च) स्कंदगुप्त का चरित्र तुम्हें कैसा लगा? लगभग सौ शब्दों में लिखो।*

# 9

# मुक्ति मार्ग

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. लेखक ने किसान के लहलहाते खेतों की तुलना किससे की है?

2. झींगुर का स्वभाव कैसा था?

3. संध्या के समय मटर की फलियाँ तोड़ते हुए झींगुर ने क्या देखा?

4. अगहन की कुहरे से भरी रात में गाँव से बाहर निकलते झींगुर ने क्या देखा?

5. घातक कलह के बीजारोपण के बाद झींगुर और बुद्धू के आपसी संबंध में क्या परिवर्तन आया?

6. हरिहर ने किस प्रकार जलती आग में घी डालने का काम किया?

*(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद बताओ।*

1. मैं तो तब से भेड़ों के पास गया ही नहीं। ____________
2. तुम लाठी कंधे पर रखे बछिया को बाँध रहे थे। ____________
3. मैं उससे कहूँगा कि भैया, तुमने जो कुछ किया, बहुत अच्छा किया। ____________

4. वह जलता था तो बुरा करता था? ____________

5. उसे भेड़ों में पहुँचाकर बुद्धू अपने घर चला गया। ____________

6. मेरी बछिया को भी अपनी भेड़ों के साथ चरा दिया करो। ____________

*(ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद बताओ।*

1. ब्राह्मण भी उससे जले हुए थे। ____________
2. झींगुर और हरिहर ने सलाह की। ____________
3. फागुन का महीना था। ____________
4. खेतों में फ़सल लहलहा रही थी। ____________
5. भाई, क्रोध के बस में होकर बुद्धि उलटी हो जाती है। ____________
6. बछिया मैंने ही बाँधी थी। ____________

*(घ) निम्नलिखित शब्दों से युग्म शब्द बनाओ।*

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. रहन | रहन–सहन | 2. मेल | ____________ |
| 3. दुआ | ____________ | 4. ऊँच | ____________ |
| 5. बैर | ____________ | 6. चाय | ____________ |

*(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में वर्तनी की अशुद्धि को दूर करके वाक्य दोबारा लिखो।*

1. उसने सड़्यंत्र रचने की विधी सोची।

____________

2. झींगुर मज़दुरी करके घर लोटा।

____________

3. यह कहकर बुद्धू ग्रहोत्सव का समान उसे दिखाने लगा।

____________

4. ब्राम्हण देवता का भी उसका प्रायश्चीत कराने में कल्यान होता था।

____________

____________

5. मैं तो एक जुन चबैना कर लेता हूँ।

____________

*(च) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. कलह = ____________________

________________________________________

________________________________________

2. अवकाश = ____________________

________________________________________

________________________________________

3. रियायत = ____________________

________________________________________

________________________________________

4. विवश = ____________________

________________________________________

________________________________________

*(छ) यदि तुम्हारी अपने मित्र के साथ किसी बात को लेकर अनबन हो जाए तो तुम क्या करोगे? दस वाक्यों में लिखो।*

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

10

# मातृ-मंदिर

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'मातृ-मंदिर' कविता में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
| --- | --- | --- |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 2

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

मातिन देई असम के एक गाँव में अपनी पत्नी और सात साल की बेटी ममांग के साथ रहते थे। उनकी बेटी बहुत प्यारी थी। मातिन देई बाँस के सामान बनाने का काम करते थे। उनका बनाया सामान दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। वे जो भी सामान बनाते, वह हाथों-हाथ बिक जाता। ममांग की खिलखिलाहट से मातिन देई के घर में रौनक बनी रहती थी। माता-पिता अपनी बेटी की हर इच्छा को चाव से पूरा करते थे।

ममांग को बाँस की बनी टोकरियाँ इकट्ठी करने का बहुत शौक था। उसने बहुत-सी सुंदर टोकरियों को अपने पास जमा कर लिया था। वह अपनी टोकरियों को अपने माता-पिता को दिखाकर बहुत खुश होती थी। जब उसके माता-पिता उसकी टोकरियों की तारीफ़ करते तो वह फूली नहीं समाती। कभी-कभी वह अपनी माँ से कहती, "माँ, बड़ी होकर मैं ढेर सारी सुंदर टोकरियाँ इकट्ठी करूँगी। लोग मेरी सारी टोकरियाँ खरीद ले जाएँगे। फिर हमारे पास धन की कोई कमी नहीं रहेगी।"

1. ममांग कौन थी?

___

2. मातिन देई क्या काम करते थे?

___

3. ममांग को किस बात का शौक था?

___

4. ममांग अपनी माँ से क्या कहती थी?

___

___

5. 'सामान' के बहुवचन रूप का वाक्य में प्रयोग करो।

___

6. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

___

*(ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

कभी नहीं जो तज सकते हैं अपना न्यायोचित अधिकार,
कभी नहीं जो सह सकते हैं, शीश नवाकर अत्याचार।
एक अकेले हों या उसके साथ खड़ी हो भारी भीड़,
मैं हूँ उनके साथ खड़ी, जो सीधी रखते अपनी रीढ़।

निर्भय होकर घोषित करते, जो अपने उद्गार-विचार
जिनकी जिह्वा पर होता है, उनके अंतर का अंगार।
नहीं जिन्हें चुप कर सकती है, आततायियों की शमशीर।
मैं हूँ उनके साथ खड़ी, जो सीधी रखते अपनी रीढ़।

1. कैसा व्यक्ति अकेले भी अपना संघर्ष जीत सकता है?

2. कवयित्री किसके साथ अपने-आपको खड़ा रखना चाहती हैं?

3. कैसे लोगों को अत्याचारियों का अत्याचार चुप नहीं करा सकता?


4. 'अत्याचार' और 'निर्मम' का संधि-विच्छेद करो।

5. 'जिह्वा' शब्द का तद्भव रूप लिखो।

6. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

*(ग) तुम्हारा नामांकन छात्रावास में कराया गया है। कल तुम्हारे माता-पिता तुम्हें वहाँ लेकर जाने वाले हैं। तुम्हारे मन में अनेक विचार उठ रहे हैं। इन विचारों को अपनी डायरी में लिखो।*

(घ) नीचे दिए गए चित्र को देखो और इस पर आधारित एक छोटी-सी कहानी बनाकर लिखो।



11

# उपहार

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. शेरोजा को मिले उपहारों में कौन-सा उपहार सबसे अलग और अनोखा था?
2. शेरोजा ने अपनी माँ से चिड़ियों की किन विशेषताओं का उल्लेख किया?
3. पिंजरे में दाने डालकर शेरोजा ने क्या किया?
4. शेरोजा जब पिंजरे की सफ़ाई कर रहा था तब चिड़िया बुरी तरह क्यों फड़फड़ा रही थी?
5. पूरे दिन पिंजरे को साथ में रखकर शेरोजा ने क्या देखा?
6. शेरोजा के लिए उपहार से भी अधिक मूल्यवान चीज़ क्या थी?

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. शेरोजा के चाचा जी ने उसे ______________________।
2. उसे आभास हो चुका था कि ______________________।
3. शेरोजा पूरे दिन पिंजरे ______________________।
4. यह शेरोजा के लिए ______________________।
5. शायद चिड़िया शेरोजा से ______________________।

***(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।***

1. सुंदर ______________ 2. पसंद ______________
3. मीठा ______________ 4. आज़ाद ______________
5. खुशी ______________ 6. सावधान ______________

***(घ) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग पहचानो।***

1. उस दिन शेरोजा का <u>जन्मदिन</u> था। ______________
2. वह बार-बार पिंजरे की <u>दीवार</u> पर चोंच मार रही थी। ______________
3. माँ की <u>आवाज़</u> सुनते ही शेरोजा भागा। ______________
4. शेरोजा ने पिंजरे का <u>दरवाज़ा</u> बंद कर दिया। ______________
5. <u>आज़ादी</u> हर जीव को कितनी प्यारी होती है। ______________
6. चिड़िया की <u>धड़कन</u> रुक गई थी। ______________

***(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया के काल बताओ।***

1. नन्ही चिड़िया बुरी तरह फड़फड़ा रही थी। ______________
2. पिंजरे में चिड़िया पीठ के बल लेटी हुई होगी। ______________
3. चिड़िया मीठे सुरों में मुझे गाना सुनाएगी। ______________
4. मैं रोज़ाना पिंजरे की सफ़ाई करूँगा। ______________
5. यह तो बहुत प्यारी चिड़िया है। ______________
6. चाचा जी ने उसे चिड़िया पकड़ने वाला एक पिंजरा दिया था। ______________
7. माँ ने उसे सावधान रहने की हिदायत दी थी। ______________

***(च) निम्नलिखित क्रियाविशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ।***

1. बहुत ______________

______________

2. वहाँ ______________

______________

3. तुरंत ______________

______________

4. बाहर

5. बेहद

6. ऊपर

*(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. संघर्ष

2. अधमरी

3. आभास

4. मूल्यवान

*(ज) पिंजरे में कैद एक पक्षी की आत्मकथा दस वाक्यों में लिखो।*

# 12 बकरी दो गाँव खा गई

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. आदमी रोता-चिल्लाता कहाँ घूम रहा था तथा क्यों?

2. किसान ने पहली बार अकबर को कितने गन्नों का रस दिया?

3. रस पीकर अकबर को कैसा अनुभव हुआ तथा उसने क्या सोचा?

4. किसान ने अकबर को क्या बात सिखाई?

5. बकरी दो गाँव कैसे खा गई?

*(ख) पाठ के संदर्भ में निम्नलिखित पंक्तियों के आशय स्पष्ट करो।*

1. "ये हमारे बादशाह की नीयत का कमाल है।"

2. लालच और छोटापन आदमी को कभी सुखी नहीं बनाते।

_______________

_______________

_______________

_______________

***(ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।***

| | |
|---|---|
| 1. बेहद | मानवता |
| 2. लगान | बहुत अधिक |
| 3. इनसानियत | आय |
| 4. आमदनी | कर |
| 5. इंतजार | व्यवस्था |
| 6. इंतजाम | प्रतीक्षा |

***(घ) समझो और वाक्य बनाओ।***

1. भी **नीयत में फर्क आने से पेड़-पौधों पर भी असर पड़ता है।**
2. ही _______________
3. तक _______________
4. भर _______________
5. तो _______________

***(ङ) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखो।***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. बकरी | _______________ | 2. लोटा | _______________ |
| 3. पत्ता | _______________ | 4. पैसा | _______________ |
| 5. गन्ना | _______________ | 6. पौधा | _______________ |

***(च) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग करो।***

1. बादशाह = _______________

_______________

_______________

2. अधिक = ________________

________________

________________

3. ठीक = ________________

________________

________________

4. बिगड़ना = ________________

________________

________________

5. सावधान = ________________

________________

________________

6. विद्वान = ________________

________________

________________

*(छ) अपने आस-पास के गरीब और अशिक्षित लोगों की सहायता के लिए तुम क्या करोगे? दस वाक्यों में लिखो।*

________________

________________

________________

________________

________________

________________

________________

________________

________________

________________

13

# सूरदास के पद

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. श्रीकृष्ण माखन खाने के साथ-साथ क्या करते हैं?

2. यशोदा ने क्या बात जान ली है?

3. 'बकत-बकत तोसौं पचिहारी' – यहाँ माता यशोदा श्रीकृष्ण से क्या कह रही हैं?

*(ख) निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय लिखो।*

1. भाजत ______ 2. भाजन ______
3. छानि ______ 4. कानि ______
5. पानि ______ 6. ढोटा ______

*(ग) निम्नलिखित पंक्तियों के भाव स्पष्ट करो।*

1. पूत सपूत भयौ कुल मेरैं,
अब मैं जानी बात।
सूर स्याम अब लौं तुहि बकस्यौ
तेरी जानी घात।।

2. बूझि ग्वालि निज गृह मै,
आयौ नैंकु न संका मानि।।
सूर स्याम यह उतर बनायौ,
चींटी काढ़त पानि।।

(घ) *निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द कविता से छाँटकर लिखो।*

1. कानि
2. डरात

(ङ) *कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखो।*

# 14 शरत् बाबू

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. आठ-नौ साल की आयु में एक दिन शरत्चंद्र ने क्या सुना?

2. नयन सरदार के साथ बालक सुरक्षित गाँव कैसे लौट आया?

3. शरत्चंद्र का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

4. शरत्चंद्र ने अनेक रचनाएँ लिखीं और फाड़ दीं। इससे उन्हें क्या लाभ हुआ?

5. जीवन के अंतिम पड़ाव में शरत् बाबू की स्थिति कैसी थी?

*(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो।*

चाँद फावड़ा विज्ञान बालक आदेश

1. वे पैरों को निशाना बनाकर पीछे से ______ दे मारते।
2. बहुत दूर जाने पर सरदार को पता लगा कि उसके पीछे एक ______ है।
3. गुरु का यह ______ सुनकर वे सब चले गए।
4. कॉलेज में ______ की परीक्षा थी।
5. शरत्चंद्र नाम भी ______ की याद दिलाता है।

**(ग) वचन बदलकर निम्नलिखित वाक्यों को दोबारा लिखो।**

1. वह डाकुओं से क्यों डरता?

2. चुपचाप उनकी साधना तीन वर्षों तक चलती रही।

3. पता नहीं, बंसियाँ मिलीं या नहीं लेकिन लौटते समय रात हो गई।

4. वे बहादुरी से चलते हुए गाँव लौट आए।

5. उसने अपने छात्रों को बुलाया।

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के शब्द-भेद लिखो।**

1. शरत् बाबू पर पढ़ने की <u>धुन</u> सवार हुई।
2. परीक्षक को बालक की स्मरण-शक्ति का लोहा <u>मानना</u> पड़ा।
3. जीवन के <u>अंतिम</u> पड़ाव में शरत् बाबू जिगर के कैंसर से पीड़ित हो गए।
4. उन्हीं दिनों शरत् बाबू ने <u>साहित्य</u> की ओर ध्यान दिया।
5. देशभर में लोगों ने उनकी <u>भूरि-भूरि</u> प्रशंसा की।
6. <u>उन्होंने</u> विज्ञान की परीक्षा पास की।

**(ङ) पाठ में से संज्ञा के भेदों के चार-चार उदाहरण छाँटकर लिखो।**

1. व्यक्तिवाचक
2. जातिवाचक
3. भाववाचक

**(च) विशेषण व विशेष्य के निम्नलिखित जोड़ों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाओ।**

1. अच्छा मित्र

2. पूरी रात

3. महान लेखक

4. साहसी बालक

*(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. बचपन
2. आयु
3. हिम्मत
4. बहादुरी
5. अवश्य

*(ज) प्रेमचंद भी एक श्रेष्ठ साहित्यकार थे। उनके जीवन के बारे में आठ-दस पंक्तियाँ लिखो।*

15

# बिरसा मुंडा

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'बिरसा मुंडा' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

______ ______ ______

______ ______ ______

______ ______ ______

______ ______ ______

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 3

(क) *निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई। आदमी अपने विचार और अपने हिसाब-किताब को लिखकर रखने लगा। तब से मानव को 'सभ्य' कहा जाने लगा। आदमी ने जब से लिखना शुरू किया तब से 'इतिहास' आरंभ हुआ। किसी भी कौम या देश का इतिहास तब से शुरू होता है जब से आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं। इस प्रकार, इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छह हज़ार साल हुए हैं। उसके पहले के काल को 'प्रागैतिहासिक काल' यानी इतिहास के पहले का काल कहते हैं। अतः हम देखते हैं कि यदि आदमी अक्षरों की खोज नहीं करता तो आज हम इतिहास को न जान पाते। हम यह न जान पाते कि पिछले कुछ हज़ार सालों में आदमी किस प्रकार रहता था, क्या-क्या सोचता था, कौन-कौन राजा हुए, इत्यादि।

अक्षरों की खोज मनुष्य की सबसे बड़ी खोज है। अक्षरों की खोज करने के बाद ही मनुष्य अपने विचारों को लिखकर रखने लगा। इस प्रकार, एक पीढ़ी के ज्ञान का इस्तेमाल दूसरी पीढ़ी करने लगी। अक्षरों की खोज करने के बाद पिछले छह हज़ार सालों में मानव जाति का तेज़ी से विकास हुआ।

1. मानव को कब से 'सभ्य' कहा जाने लगा?

_______________

_______________

2. किसी देश का इतिहास कब से शुरू होता है?

_______________

_______________

3. यदि अक्षरों की खोज नहीं होती तो क्या होता?

_______________

_______________

4. लेखक के अनुसार, अक्षरों की खोज सबसे बड़ी खोज है। क्यों?

_______________

_______________

5. 'प्रागैतिहासिक' शब्द का संधि-विच्छेद करो।

6. 'हिसाब-किताब' का समास-विग्रह करो और समास-भेद भी बताओ।

*(ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

मैं बचपन को बुला रही थी,
बोल उठी बिटिया मेरी,
नंदन-वन-सी फूल उठी,
यह छोटी-सी कुटिया मेरी।

'माँ ओ!' कहकर बुला रही थी,
मिट्टी खाकर आई थी,
कुछ मुँह में कुछ लिए हाथ में,
मुझे खिलाने आई थी।

1. कवयित्री किसे बुला रही थी?

2. बिटिया की आवाज़ सुनकर कवयित्री को क्या अनुभव हुआ?

3. बिटिया क्या खाकर आई थी?

4. बिटिया ने अपनी माँ को क्यों पुकारा था?

5. 'फूल' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखो।

6. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

(ग) पिछले दिनों तुमने सुनामी से पीड़ित एक परिवार के मुखिया से मुलाकात की थी। उनके साथ हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखो।

(घ) दिए गए चित्र का वर्णन करते हुए एक अनुच्छेद लिखो।



(ङ) *अपनी चचेरी बहन को पत्र लिखकर देशभक्त बालक-बालिकाओं से संबंधित पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करो।*

16

# बढ़ते चरण

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. लेखक ने कैसे कार्य में लगे रहने की सलाह दी है?

2. कैसे व्यक्ति भाग्य को कोसा करते हैं?

3. जीवन में सफल होने के छह उपाय कौन-से हैं?

4. लेखक ने पटेल जी के बचपन की कौन-सी रोचक घटना बताई है?

5. लेखक की बचपन में किसमें रुचि थी?

6. इस पाठ से तुमने क्या सीखा?

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. प्रकृति तुम्हें जो कुछ बनाना चाहती है, ______________।
2. जन्म से महान बनकर ______________।
3. बाल-जीवन ______________।
4. उसी में अभिनव-कौशल का ______________।
5. विज्ञान का विद्यार्थी होने के बावजूद ______________।
6. तभी एक छोटा-सा काव्य-संकलन छप गया जिस पर ______________।

***(ग) बताओ कि निम्नलिखित वाक्य किसने कहे।***

1. "जिस कार्य में तुम्हारी रुचि है उसी में लगे रहो।"

2. "मनुष्य समय के अधीन नहीं, वह तो समय का निर्माण करता है।"

3. "सामाजिक कार्यों के पहले प्रकृति चाहती है कि हम मानवीय कार्यों में हाथ बटाएँ।"

4. "जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहली चीज है काम करना।"

***(घ) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम दो।***

1. आपको एक दिन इच्छित लक्ष्य अवश्य मिलकर रहेगा। ☐
2. वह सपनों में खोने लगता है। ☐
3. कुछ महाकाव्य लिखने की सनक भी सवार थी। ☐
4. शिक्षक को यह व्यवहार अच्छा न लगा। ☐
5. तुम इसके विपरीत कुछ बनना चाहते हो तो कुछ भी नहीं बन सकोगे। ☐
6. कुछ लोग ऊँचे पद या नौकरी की प्रतीक्षा में ही बैठे रहते हैं। ☐

***(ङ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।***

1. अनुकूल ______ 2. अन्याय ______
3. विजय ______ 4. निश्चित ______
5. निर्माण ______ 6. सफलता ______

***(च) निम्नलिखित वाक्यों को नकारात्मक वाक्यों में बदलकर लिखो।***

1. तुम्हें विजय मिलेगी।

2. बाल-जीवन किशोरावस्था में बदल जाता है।

3. अपने काम में अच्छा ज्ञान प्राप्त कीजिए।

4. तुम्हें केवल इच्छा-शक्ति की ज़रूरत है।

*(छ) उचित विराम-चिह्न लगाकर निम्नलिखित वाक्य दोबारा लिखो।*

1. मनुष्य के अधीन समय है अथवा समय के अधीन मनुष्य

2. ज्यों ज्यों बड़ा होता है उसकी रुचियाँ एक विशेष रूप लेने लगती हैं

3. उसे क्या बनना है

4. सफलता पाने के लिए पहली चीज़ है काम करना दूसरी मुँह बंद करना तीसरी निरीक्षण चौथी विश्वासपात्रता पाँचवीं मालिक को यह साबित कर देना कि मेरे बिना तुम्हारा काम नहीं चल सकता और छठी है विनीत होना

5. उन्होंने हुक्म दिया अच्छा महापुरूष जाइए और एक से सौ तक के पहाड़े लिख लाइए

6. स्वेट मार्डेन शिवानंद नारायण स्वामी आदि विद्वानों द्वारा लिखी विद्यार्थी जीवन पर कई पुस्तकें वह अनायास ही पढ़ गया था

*(ज) तुम्हारा जीवन लक्ष्य क्या है? उसे पाने के लिए तुम्हारी क्या योजना है? लिखो।*

# 17 जलियाँवाला बाग

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. प्रस्तुत कविता में कवयित्री ने अपनी किस भावना को उजागर करने का प्रयत्न किया है?

2. शहीद बालकों के लिए कलियाँ बिखेरने के पीछे कवयित्री की क्या भावना रही है?

3. कवयित्री वसंत से किस प्रकार के फूल लाने को कह रही हैं?

4. कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखो।

*(ख) कविता के आधार पर उचित जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. कीट | सजीले |
| 2. पराग | कोमल |
| 3. पुष्प | परिमल-हीन |
| 4. बालक | काले |
| 5. कलियाँ | अधखिली |

*(ग) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द कविता में से छाँटकर लिखो।*

| | |
|---|---|
| 1. मचाते ______ | 2. झुलसे ______ |
| 3. बना ______ | 4. सजीले ______ |
| 5. गावे ______ | 6. छिन्न ______ |
| 7. दरशाना ______ | 8. खाकर ______ |

*(घ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. काले–काले =
2. कुछ–कुछ =
3. दिन–दिन =
4. जल्दी–जल्दी =
5. बार–बार =

*(ङ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. शुष्क
2. प्यारा
3. उपहार
4. स्मृति

*(च) वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है? इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एक अनुच्छेद लिखो।*

# 18

# साइकिल की सवारी

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. लेखक को अपने ऊपर कब दया आती है?

2. लेखक किस प्रकार अपने घरवालों को आश्चर्यचकित कर देना चाहते थे?

3. अपने उस्ताद की बात लेखक ने किससे की?

4. लेखक उस्ताद की भारी फ़ीस भी देने को किस प्रकार तैयार हो गए?

5. श्रीमती जी को लेखक की किस बात का डर था?

6. उस्ताद ने जब लेखक को साइकिल पर चढ़ाकर छोड़ दिया तो लेखक का क्या हाल हुआ?

*(ख) बताओ कि निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे और कब कहे।*

1. "तुम हर समय बहस न किया करो।"

2. "क्यों भाई, हो जाए एक बाज़ी शतरंज की?"

3. "औरों से पच्चीस लेता है। तुमसे बीस ले लेगा, हमारी खातिर।"

4. "उतर गए तो चढ़ाएगा कौन?"

5. "यह चकमा उसे देना जो कुछ जानता न हो।"

*(ग) कहानी के आधार पर निम्नलिखित घटनाओं को सही क्रम दो।*

1. बैठे-बैठे खयाल आया, चलो साइकिल चलाना सीख लें। ☐
2. जब होश आया तो हम अपने घर में थे। ☐
3. सबने मिल-मिलाकर हमारा पाँव साइकिल के नीचे से निकाला। ☐
4. जब आँख खुली तो दिन निकल आया था। ☐
5. अब यह सवाल हमारे सामने था कि अपना उस्ताद किसे बनाएँ। ☐
6. इतने में तिवारी जी ने बाहर से आवाज़ दी। ☐
7. सोचा, क्या हम ही ज़मानेभर में फिसड्डी रह गए हैं। ☐
8. तभी सामने से एक ताँगा आता दिखाई दिया। ☐

*(घ) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग-भेद लिखो।*

1. हमने लड़खड़ाती हुई <u>साइकिल</u> को सँभाला। ____________
2. सहसा सामने <u>तिवारी जी</u> आते दिखाई दिए। ____________
3. मैं एक गिलास <u>लस्सी</u> पी लूँ। ____________
4. जब <u>आँख</u> खुली तो दिन निकल आया था। ____________
5. तुम हर समय <u>बहस</u> न किया करो। ____________

6. पत्नी से <u>झगड़ा</u> तो नहीं हो गया। ____________

7. मेरी मानो तो यह <u>रोग</u> न पालो। ____________

*(ङ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग करो और उसी प्रत्यय से दो नए शब्द बनाओ।*

| | मूल शब्द | | प्रत्यय | | नए शब्द | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. मासिक | ________ | + | ________ | = | ________ | ________ |
| 2. हिलाकर | ________ | + | ________ | = | ________ | ________ |
| 3. जख्मी | ________ | + | ________ | = | ________ | ________ |
| 4. मुसकराता | ________ | + | ________ | = | ________ | ________ |
| 5. दयावान | ________ | + | ________ | = | ________ | ________ |
| 6. परोपकारी | ________ | + | ________ | = | ________ | ________ |

*(च) पाठ में से दो सरल, दो संयुक्त तथा दो मिश्र वाक्य छाँटकर लिखो।*

1. सरल ____________________

2. संयुक्त ____________________

3. मिश्र ____________________

*(छ) साइकिल चलाना सीखने के लिए तुम किस प्रकार की तैयारी करोगे? आठ वाक्यों में लिखो।*

19

# मेक इन इंडिया

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'मेक इन इंडिया' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |
| ______ | ☐ | ______ |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

______ ______ ______
______ ______ ______
______ ______ ______
______ ______ ______

# 20 सारे जहाँ से अच्छा

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. कवि अपने आपको हिंदोस्ताँ का क्या बता रहे हैं?

______________________________

2. कवि ने हिंदुस्तान की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन किन शब्दों में किया है?

______________________________

______________________________

3. अहिंसा का पाठ हमें किसने पढ़ाया है?

______________________________

______________________________

4. यह कविता हमें क्या संदेश देती है?

______________________________

______________________________

**(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।**

1. पर्वत हैं ____________, प्यारी हैं ____________
   आगोश ____________, गुजरीं ____________
2. दुनिया है ____________, इसको ____________
   ____________, ____________ खाओ।

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द कविता में से छाँटकर लिखो।**

1. नदियाँ ____________ 2. पुजारी ____________
3. सदाएँ ____________ 4. आओ ____________

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो।**

1. हिंदोस्ताँ ____________ ____________
2. गुलिस्ताँ ____________ ____________

3. लहू ____________ ____________

4. वीरान ____________ ____________

5. जंग ____________ ____________

*(ङ) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखो।*

1. सदा ____________ 2. बुलबुला ____________

3. सदी ____________ 4. नदी ____________

5. आँधी ____________ 6. बिजली ____________

*(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. वीरान ____________

2. अमन ____________

3. अहिंसा ____________

4. रक्षा ____________

*(छ) अपने देश के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त करते हुए कविता बनाओ।*

____________

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 4

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

वह नीम के पेड़ों की घनी छाँव से होता हुआ सियार की कहानी का मज़ा लेता आ रहा था। हिलता-डुलता उसका बस्ता दोनों तरफ़ झूमता-खनकता था। स्लेट कभी छोटी शीशी से टकराती तो कभी पेंसिल से। यों वे सब उस बस्ते के अंदर टकरा रहे थे। मगर वह न कुछ सुन रहा था, न कुछ देख रहा था। उसका पूरा ध्यान कहानी पर केंद्रित था। कैसी मज़ेदार कहानी! कौए और सियार की–'सियार के अनुरोध करने पर कौए ने जब गाने के लिए मुँह खोला तो रोटी का टुकड़ा ज़मीन पर गिर पड़ा। सियार उसे उठाकर नौ दो ग्यारह हो गया।'

वह ज़ोर से हँसा–'बुद्धू कौआ!' वह चलते-चलते दुकान के सामने पहुँचा। वहाँ अलमारी में काँच के बड़े-बड़े जार कतार में रखे थे। उनमें चॉकलेट, पिपरमेंट और बिस्कुट थे। उसकी नज़र उनमें से किसी पर नहीं पड़ी। क्यों देखे? उसके पिता जी उसे ये चीज़ें बराबर ला देते हैं। फिर भी एक नए जार ने उसका ध्यान आकृष्ट किया। वह उस जार को टुकर-टुकर ताकता रहा। नया-नया लाकर रखा गया है। उससे पहले उसने वह चीज़ यहाँ नहीं देखी थी। जार में कंचे हैं। कितने खूबसूरत हैं!

1. बालक कहाँ से गुज़र रहा था?

2. बालक का ध्यान कहाँ केंद्रित था?

3. कहानी की किस घटना पर बालक को हँसी आ गई।

4. बालक का ध्यान किस ओर आकृष्ट हुआ और क्यों?

5. 'वह उस जार को टुकर-टुकर ताकता रहा।'–इस वाक्य में क्रियाविशेषण शब्द पहचानकर लिखो।

(ख) *निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

सबकी है मिट्टी की काया,
सब पर नभ की निर्मल छाया,
यहाँ नहीं कोई आया है,
ले विशेष वरदान।
भूल गया है क्यों इनसान?

धरती ने मानव उपजाए,
मानव ने ही देश बनाए,
बहु देशों में बसी हुई है,
एक धरा-संतान।
भूल गया है क्यों इनसान?

1. कवि ने इस कविता में किसकी ओर संकेत किया है?

2. 'धरती पर सभी समान हैं'—यह बात कवि क्या कहकर समझा रहे हैं?

3. धरती ने सब मनुष्यों पर कैसा भाव रखा है?

4. 'एक धरा-संतान' से कवि का क्या अभिप्राय है?

5. 'धरा' और 'काया' के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो।

6. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

(ग) मान लो कि तुम जलियाँवाला बाग में शहीद स्मारक के सम्मुख खड़े हो। इस समय अपने मन में उठ रहे विचारों को लगभग पचास शब्दों में व्यक्त करो।

(घ) मान लो कि तुम एक सैनिक हो और जम्मू में भारत की सीमा पर तैनात हो। आज तुम्हें अपनी माँ के हाथ की बनी रोटी खाने का मन हो रहा है। इस भाव को व्यक्त करते हुए डायरी लिखो।

(ङ) विद्यालय में अगले सप्ताह देशभक्ति से संबंधित नाटक का मंचन किया जाना है। नोटिस बोर्ड के लिए इस आशय से संबंधित सूचना तैयार करो।

(च) नीचे दिए गए चित्र को देखो और इस पर आधारित एक छोटी-सी कहानी लिखो।

